# नागरिकों को मकान देना पीएम का लक्ष्य

## सीएम ने समत्व भवन से नीमच में पीएम आवास के तहत बने आवासों को किया लोकार्पण

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 18 अक्टूबर. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि अपना घर हर किसी का सपना होता है. अपने घर की खुशी से बढ़कर और कुछ नहीं होता. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के 4 करोड़ से अधिक लोगों को उनका मकान बनाकर दिया है.**



प्रधानमंत्री का खुद का कोई घर नहीं है, लेकिन देश के सभी नागरिकों को मकान देना उन्होंने अपना लक्ष्य तय किया है. मुख्यमंत्री ने कहा कि आज नीमच के 348 परिवार अपने सालों पुराने सपने को हकीकत में बदलते देख रहे हैं. यह दिवाली उनके जीवन की सबसे सुंदर दीपावली बनकर आई है, क्योंकि इस बार सभी अपने घर में में दिवाली मनाएंगे. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शनिवार को मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन से नगर पालिका नीमच द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजनान्तर्गत अफोर्डेबल हाऊसिंग प्रोजेक्ट के तहत निर्मित आवासों की सुंदर कॉलोनी का वर्चुअल लोकार्पण कर हितग्राहियों को संबोधित कर रहे थे. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने यहां 348 परिवारों को गृह प्रवेश कराया. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नए घर के लाभार्थियों से संवाद कर सभी को धनतेरस के दिन मिले नये आवास और पंच दिवसीय दीपोत्सव की मंगलकामनाएं भी दीं. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी कहते हैं कि जब गरीब का घर रोशन होता है, तभी देश में सच्ची दीपावली होती है. आज मध्यप्रदेश इसी दिशा में आगे बढ़ रहा है. लक्ष्मी-गणेश की कृपा से मध्यप्रदेश जन-कल्याण और विकास की दीपावली मना रहा है. उन्होंने कहा कि हमारी नीयत साफ है, हमारी नीतियां गरीबों को सशक्त करने की हैं एक दौर वो भी था जब गरीबों के नाम पर योजनाएं तो बनती थीं, लेकिन उनका लाभ कई पुश्तों के बाद भी गरीब को नहीं मिल पाता था. प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से हितग्राहियों को छत ही नहीं, स्वाभिमान और सुरक्षा दोनों मिली है. प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 योजना के तहत हम 10 लाख आवास बनाएंगे. हम इसी दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहे हैं. पीएम आवास योजना (शहरी) के क्रियान्वयन में मप्र को बेस्ट परफार्मिंग स्टेट अवॉर्ड की श्रेणी में दूसरा स्थान मिला है.

### नीमच में बनेगा मेडिकल कॉलेज

मुख्यमंत्री ने कहा कि नीमच में बहुत जल्द मेडिकल कॉलेज बनेगा और हवाई सेवाओं से भी जोड़ेंगे. उन्होंने कहा कि नीमच की भादवा माता मध्यप्रदेश की वैष्णो देवी हैं. भादवा माता मंदिर के विकास के लिए भी सभी प्रयास किए जा रहे हैं. कार्यक्रम को नीमच विधायक दिलीप सिंह परिहार ने भी संबोधित किया.

# रेलवे का बड़ा एक्शन, 20 हैंडल्स पर एफआईआर की तैयारी

▶ भ्रामक वीडियो वायरल करने का मामला

**भोपाल, पश्चिम मध्य रेलवे, भोपाल मंडल ने सोशल मीडिया पर रेलवे से जुड़े भ्रामक वीडियो साझा करने वालों के खिलाफ कड़ा रुख अपनाते हुए बड़ी कार्रवाई शुरू कर दी है।**

त्योहारों के सीजन में यात्रियों के बीच भ्रम और असंतोष फैलाने के उद्देश्य से पुराने या तथ्यहीन वीडियो वायरल किए जा रहे थे। रेलवे प्रशासन ने शनिवार को बताया कि ऐसे 20 से अधिक सोशल मीडिया हैंडल्स की पहचान कर ली गई है, जिनके खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू की जा रही है।

प्रशासन ने स्पष्ट किया कि सोशल मीडिया पर 24 घंटे कड़ी निगरानी रखी जा रही है, ताकि ऐसे असामाजिक तत्वों पर नकेल कसी जा सके।रेलवे ने सभी सोशल मीडिया यूजर्स से अपील की है कि वे बिना तथ्यों की जांच किए स्टेशनों पर भीड़भाड़ या अन्य वीडियो को साझा करने से बचें। यात्रियों से अनुरोध किया गया है कि वे किसी भी जानकारी के लिए केवल आधिकारिक रेलवे नोटिफिकेशन और रेलवे के सत्यापित सोशल मीडिया हैंडल्स पर ही भरोसा करें।

### बदमाशों ने दिवाली से पहले मेन वाटर लाइन तोड़ी

**जबलपुर.** दीपावली पर्व में जब घरों पर साफ-सफाई के लिए सबसे ज्यादा पानी की जरूरत होती है, ऐसे में शरारती तत्वों ने शहर के एक बड़े हिस्से को पानी के लिए तरसा दिया। परियट जलाशय से जबलपुर शहर आने वाले पानी की मेन राइजिंग लाइन को अज्ञात लोगों के द्वारा हथोड़े से तोड़ दिया गया। जिससे ना सिर्फ हजारों गैलन पानी बह गया तो वही शहरवासियों को बूंद-बूंद पानी के लिए परेशान होना पड़ा है। हालांकि जानकारी लगते ही एमआईसी सदस्य दामोदर सोनी जल विभाग की टीम के साथ मौके पर पहुंचे और लाइन को ठीक करवाना शुरू कर दिया। शनिवार को लाइन ठीक हो पाई है.

# आईएफएस को यूएन का एक्सीलेंस अवार्ड

▶ वन एवं वन्य जीव अपराध की रोकथाम के लिए पुरस्कृत

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 18 अक्टूबर. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर वन विभाग द्वारा वन, वन्य-जीव एवं जैव विविधता संरक्षण के क्षेत्र में लगातार नये आयाम स्थापित किये जा रहे हैं.**

वन विभाग के तहत गठित स्टेट टाइगर फोर्स मध्यप्रदेश के उप वन संरक्षक रितेश सरोठिया को वन एवं वन्य-जीव अपराध की रोकथाम के लिये राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट कार्य करने के लिये यूनाइटेड नेशन द्वारा द एशिया एनवायरमेंटल इन्फोर्समेंट रिकगनिशन ऑफ एक्सीलेंस अवॉर्ड 2024-25 प्रदान किया गया है. यह अवॉर्ड यूएनईपी द्वारा 17 अक्टूबर को बैंकाक में हुए वर्चुअल समारोह में दिया गया. यूनाइटेड नेशन द्वारा उक्त अवॉर्ड उन व्यक्तियों, सरकारी संस्थाओं को प्रदान किया जाता है इसमें वन्य-जीव और वनस्पतियों की लुप्तप्राय प्रजातियों के अंतर्राष्ट्रीय व्यापार, खनिजों और रेत का अवैध व्यापार परिवहन, अपशिष्ट रसायनों, कीटनाशक का अवैध व्यापार, ओजोन क्षयकारी पदार्थ और हाइड्रोफ्लोरोकार्बन के अवैध व्यापार की रोकथाम के लिये दिया जाता है. अवॉर्ड चयन के लिये अंतर्राष्ट्रीय स्तर की ज्यूरी, जिसमें प्रतिष्ठित संस्थाओं में यूएनईपी, इंटरपोल, यूएनओडीसी, वर्ल्ड बैंक, एसआईटीईएस और यूएनडीपी के प्रतिनिधि द्वारा गहन विचार-विमर्श के बाद दिया जाता है.

### अधिकारियों को विभिन्न श्रेणी में किया सम्मानित

इस वर्ष के अवॉर्ड में वन्य-जीवों के अवैध व्यापार पर प्रभावी रूप से नियंत्रण के लिये उत्कृष्ट कार्य करने वाले भारत चीन, इंडोनेशिया और सिंगापुर की कुल 7 कानून प्रवर्तन संस्था/अधिकारियों को विभिन्न श्रेणी में सम्मानित किया गया है. मध्यप्रदेश के स्टेट टाइगर फोर्स के प्रभारी सरोठिया ने अंतर्राष्ट्रीय वन्य-जीव संगठित गिरोहों, जिनका नेटवर्क भारत, चीन, नेपाल, भूटान और म्यांमार में फैला है के विरुद्ध लगातार कार्यवाही की. उन्होंने कई कानून प्रवर्तन संस्थाओं से समन्वय स्थापित कर वन अपराधों में लिप्त सरगनाओं को गिरफ्तार किया.

# दीयों के उजाले में कुशासन का अंधेरा : पटवारी

▶ 6,500 करोड़ टोल वसूला फिर भी सड़कें गड्ढों से भरी

विशेष संवाददाता

**भोपाल- दीपावली के त्योहार से पहले मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने राज्य की भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि जब जनता बेरोजगारी, भ्रष्टाचार और असुरक्षा के अंधेरे में जी रही है, तो दीपावली का उजाला अधूरा है।**



शनिवार को मीडिया से चर्चा में पटवारी ने सरकार की छह बड़ी विफलताओं — बेरोजगारी, भ्रष्ट सड़कों, किसानों की बदहाली, महंगाई, महिलाओं की असुरक्षा और बाल मृत्यु दर — पर आधारित श्वेत पत्र जारी किया। पटवारी ने बताया कि प्रदेश में 25 लाख से अधिक युवा बेरोजगार हैं, जिनमें नौ लाख स्नातक शामिल हैं। इसके बावजूद सरकार पीएलएफएस 2023-24 सर्वे के आधार पर बेरोजगारी दर को मात्र 0.9त्न बताती है। यह सांख्यिकीय धोखा है, जो बेरोजगार युवाओं की वास्तविकता को छुपाता है, उन्होंने कहा. उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि भोपाल-देवास सड़क, जिसकी लागत 1,360 करोड़ थी, से अब तक 6,500 करोड़ से अधिक टोल वसूला जा चुका है, यानी लागत का 500% फिर भी सड़कें गड्ढों से भरी हैं। श्वेत पत्र में सरकार पर किसानों के साथ वादाखिलाफी का आरोप लगाते हुए कहा गया कि गेहूं 2,700 और धान 3,100 प्रति क्विंटल देने का वादा अधूरा रह गया है। खेती अब लाभ नहीं, जोखिम का धंधा बन चुकी है, उन्होंने कहा.

पटवारी ने महंगाई, महिलाओं की सुरक्षा और बच्चों की मृत्यु दर जैसे मुद्दों पर भी सरकार को घेरा और कहा कि मजदूरों को महंगाई के बावजूद केवल 1 की दैनिक वृद्धि देना उनका अपमान है। कांग्रेस ने मांग की कि टोल वसूली समाप्त की जाए, किसानों को एमएसपी की गारंटी दी जाए, मजदूरों के वेतन में वृद्धि हो और महिलाओं की सुरक्षा के लिए हाई कोर्ट की निगरानी में एसआईटी बनाई जाए। पटवारी ने कहा, मध्य प्रदेश में सच्चा उजाला तभी आएगा, जब जनता को बेरोजगारी, भ्रष्टाचार और असुरक्षा से मुक्ति मिलेगी।

## पेज एक का शेष

# 90% सब्सिडी में सोलर पंप

चढ़ाव से सुरक्षा देती है. यह योजना किसान हित में सरकार की एक बड़ी पहल है. सूखे खेत को अगर पानी दे दिया जाये, तो फसल सोना हो जाती है, हम प्रदेश के हर खेत तक पानी पहुंचायेंगे. मध्यप्रदेश के अन्नदाता अब ऊर्जादाता बन रहे हैं. किसान भाई अपने खेतों में सोलर पंप जरूर लगाएं. सोलर पंप लगाने से बिजली के अस्थाई कनेक्शन के खर्च से मुक्ति मिलेगी. उन्होंने कहा कि आज मध्यप्रदेश सोयाबीन स्टेट, मिलेट्स स्टेट, मसाला स्टेट, लहसुन स्टेट और संतरा स्टेट के रूप में प्रसिद्ध होकर देश का फूड बास्केट कहलाने लगा है. हमारी सरकार आने पर प्रदेश में अब 52 लाख हेक्टेयर रकबा सिंचित हुआ है. राज्य सरकार ने सिंचाई का रकबा100 लाख हेक्टेयर तक करने का लक्ष्य रखा है. किसानों को उनकी फसल का समुचित दाम मिले, इसके लिए फूड प्रोसेसिंग यूनिट्स भी स्थापित की जा रही हैं, जिससे अधिक उत्पादन होने पर किसान भाइयों को फसल फेकनी न पड़े. सरकारों ने मां नर्मदा के जल का उपयोग नहीं किया. आज वही नर्मदा सिंचाई, पेयजल और उद्योगों को पानी उपलब्ध कराती है. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सभी गोपालक किसान धूमधाम से गोवर्धन पूजा का त्यौहार मनाएं. राज्य सरकार शासकीय स्तर पर गोवर्धन पूजा का त्यौहार मनाएगी. प्रदेश में प्रभु श्रीराम के ओरछा धाम को भव्य रूप दिया जा रहा है. उन्होंने कहा कि राम वन गमन पथ भी विकसित कर रहे हैं. भगवान श्रीकृष्ण से जुड़े हर स्थान को तीर्थ के रूप में विकसित कर रहे हैं. मुख्यमंत्री ने कहा कि यह मुख्यमंत्री निवास नहीं, किसानों का अपना आवास है. जब चाहें, यहां आयें. मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले साल सोयाबीन के लिए 2 लाख किसानों का पंजीयन हुआ था, भावांतर योजना दोबारा शुरू होने पर 9 लाख से अधिक सोयाबीन उत्पादक किसानों से पंजीयन करा लिया है. मुख्यमंत्री ने कहा कि लाड़ली बहनों को इसी भाई दूज से 250 रुपए अतिरिक्त लाभ दिया जाएगा.

किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री एदल सिंह कंषाना ने कहा कि राज्य सरकार किसानों के लिए सदैव तत्पर है. किसानों को कल्याणकारी योजनाओं का लाभ और मुआवजा प्रदान करने के लिए हमारी सरकार फैसले लेती है. भावांतर योजना किसानों के लिए एक वरदान बनेगी. विधायक एवं प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने कहा कि राज्य सरकार किसानों के कल्याण, उनकी उपज का उचित लाभ और किसानों को सम्मान निधि देने के लिए केन्द्र सरकार के साथ निरंतर समन्वय कर बेहतरीन कार्य कर रही है. नर्मदापुरम सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि सोयाबीन के लिये मांग करने वाले नेता गेहूं की बोरी लेकर पूर्व सीएम के यहां गये थे, जरुरी नहीं कि उसमें गेहूं ही रहा हो, भूसा भी हो सकता है. कांग्रेस ने कभी किसानों के लिये काम नहीं किया. सम्मेलन में किसानों को भावांतर योजना की जानकारी दी गई.

## खाकी पर फिर लगा दाग

लिया और मौकेसे जाने दिया.

बताया जा रहा है कि सरपंच प्रतिनिधि के माध्यम से 50 लाख रुपए की डील तय की गई थी. शिकायत के बाद मामला प्रकाश में आया, जिसमें केवल एक आरोपी को ही मामले में शामिल किया गया जबकि अन्य तस्करों को छोड़ दिया गया.

**पहले भी विवादों में रह चुके है निरीक्षक धर्मेंद्र शिवहरे-** निरीक्षक शिवहरे का विवादों से पुराना नाता रहा है. इससे पूर्व अफजलपुर थाने में पदस्थ रहते हुए भी उनके खिलाफ कार्यप्रणाली को लेकर शिकायतें हुई थीं. एक ग्रामीण की मौत के मामले में भी उन पर आरोप लगे थे. उस समय तत्कालीन एसपी ने उन्हें हटाया था, हालांकि उन्होंने न्यायालय से स्टे लेकर दोबारा पदभार संभाल लिया था. अब एक बार फिर उन पर वही पुराने आरोप दोहराए जा रहे हैं - तस्करों से लेन-देन कर कार्रवाई को कमजोर करने के.


**सख्ती से पुलिस महकमे में हड़कंप-** एसपी विनोद कुमार मीना अपनी सख्त कार्यशैली और पारदर्शिता के लिए जाने जाते हैं, उन्होंने पहले ही स्पष्ट कर दिया था कि जिले को डोडाचूरा मुक्त बनाना उनकी प्राथमिकता है और इसके लिए खाकी को खुद पारदर्शी होना पड़ेगा. इस कार्रवाई से पूरे पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है.

**नए प्रभारी को सौंपी जिम्मेदारी-** निलंबन के बाद एसपी ने एसआई अभिषेक बौरासी को शामगढ़ थाना प्रभारी का कार्यभार सौंपा है और निर्देश दिए हैं कि वे मादक पदार्थ तस्करी से जुड़े मामलों में सख्ती बरतें तथा किसी भी प्रकार की ढिलाई न दिखाएं.

# विजयवर्गीय ने दुकानदार बनकर बेचा सामान

▶ मंत्रीजी का अलग अंदाज, पुश्तैनी दुकान पर नापतौल

**इंदौर 18 अक्टूबर. धनतेरस पर मंत्री कैलाश विजयवर्गीय अपने अलग ही रूप में नजर आए. वे नंदानगर स्थित अपनी पुश्तैनी किराने के दुकान पर बैठे. इस दौरान उन्होंने ग्राहकों को अपने हाथों से सामान भी तौलकर दिया. साथ ही ग्राहकों से उनके हालचाल जाने और दीपोत्सव की शुभकामनाएं भी दी.**



दरअसल कैलाश विजयवर्गीय धनतेरस के दिन अपनी पुश्तैनी दुकान पर बैठते है और खुद ही लोगों को सामान तौलकर देते है. मंत्री विजयवर्गीय ने कहा कि एक समय में पूरे घर-परिवार का आर्थिक बोझ यही दुकान उठती है. इसलिए हम इसके ऋणी है. काम में व्यस्त होने के बावजूद इस परंपरा को नहीं तोड़ते. धनतेरस के दिन यहां बैठकर ग्राहकी करते है. उन्होंने 65 वर्ष पुरानी दुकान से जुड़े कई किस्से भी सुनाए. इस दुकान पर कभी उनके पिताजी और परिवार के अन्य सदस्य बैठते थे. लेकिन आज उनके भाई इस दुकान का संचालन करते हैं.



# भक्तों के 2 करोड़ से सजा महालक्ष्मी मंदिर

**रतलाम 18 अक्टूबर.** दिवाली के पहले मां महालक्ष्मी का मंदिर सज चुका है। सजावट फूलों से नहीं, हीरे, जवाहरात और नोटों से हुई है। मंदिर की हर लड़ में नोट लगे हैं। किसी में 10 तो किसी में 500 रुपए नजर आ रहे हैं। इस अद्भुत सज्जा के लिए भक्तों ने अपनी तिजोरी खोल दी है। मंदिर में अर्पित नकदी-आभूषण को दीपोत्सव के पांच दिन के बाद समिति प्रसादी के रूप में भक्तों को लौटाएगी। मंदिर की सजाने की सालों पुरानी परंपरा के तहत इस साल 2 करोड़ रुपए से मंदिर को सजाया गया है। आज तक यहां से एक रुपया इधर से उधर नहीं हुआ है। धन राशि देने वालों में रतलाम के अलावा प्रदेश समेत अन्य राज्यों से भी बड़ी संख्या में भक्त आते हैं।

# यात्रा के दौरान पटाखे ले जाना प्रतिबंधित

## 1000 जुर्माना और 3 वर्ष तक की कैद

**भोपाल, 18 अक्टूबर. दीपावली के मद्देनजर, पश्चिम मध्य रेलवे के भोपाल मंडल ने यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सख्त कदम उठाए हैं।**

मंडल ने रेल यात्रियों से यात्रा के दौरान पटाखे, विस्फोटक या ज्वलनशील वस्तुएं साथ न ले जाने की अपील की है, क्योंकि इनसे जान-माल का भारी नुकसान हो सकता है. रेल प्रशासन ने पंकज त्यागी के मार्गदर्शन में प्रमुख स्टेशनों और ट्रेनों में चेतावनी संबंधी स्टीकर लगाए हैं तथा निगरानी और जांच व्यवस्था को कड़ा किया गया है।




रेल यात्रा के दौरान ज्वलनशील पदार्थ (पेट्रोल, गैस सिलेंडर, केरोसिन, माचिस आदि) साथ ले जाना भारतीय रेलवे अधिनियम 1989 की धारा 67, 164 और 165 के तहत दंडनीय अपराध है।नियमों का उल्लंघन करने पर ?1000 तक का जुर्माना और तीन वर्ष तक की कैद अथवा दोनों का प्रावधान है।वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ कटारिया ने यात्रियों से अपील की है कि वे स्वयं और सह-यात्रियों की सुरक्षा के लिए नियमों का कड़ाई से पालन करें, क्योंकि एक छोटी सी चिंगारी भी बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकती है.



# राजधानी में छाए बादल

**मौसम का यू टर्न : तापमान में आई गिरावट**

**दक्षिणी जिलों में बूंदाबांदी के आसार**

**भोपाल. प्रदेश से मानसून की विदाई हो चुकी है. लेकिन अभी भी पिछले दो दिनों से आसमान पर बादल छाए हुए है. शनिवार को राजधानी में दिनभर बादल छाए रहे.**

तापमान में 1.8 डिग्री की गिरावट दर्ज की गई. पूरे दिन धूप नहीं खिली. इसी के साथ इंदौर, बैतूल, शाजापुर और खंडवा में बारिश हुई. शुक्रवार-शनिवार की रात में ज्यादातर शहरों में पारा 19 डिग्री से अधिक रहा. छतरपुर का नौगांव ही ऐसा शहर है, जहां पारा 16 डिग्री रहा. दूसरी ओर, दिन के तापमान में बढ़ोतरी देखने को मिली है. उज्जैन, इंदौर, ग्वालियर, खजुराहो में पारा 33 से 34 डिग्री के बीच चल रहा है. मौसम विभाग ने बताया कि दक्षिणी जिलों में बूंदाबांदी होने के आसार हैं. वहीं, रविवार और सोमवार को मौसम साफ रहेगा. कहीं भी बारिश का अलर्ट नहीं है.

### ठंड का दौर शुरू

मौसम विभाग के अनुसार, नवंबर से कड़ाके की ठंड का दौर शुरू हो जाता है, जो जनवरी तक रहता है. इस बार फरवरी तक ठंड का असर रहने की संभावना है.

**दीपावली पर उपहार** | धनतेरस पर खण्डेलवाल ने किया पूजन, पार्टी कार्यकर्ताओं को दीं शुभकामनाएं

# प्रत्येक नागरिक की खुशहाली के लिए काम करती है सरकार

**भोपाल, 18 अक्टूबर. भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और विधायक हेमंत खण्डेलवाल ने शनिवार को भोपाल स्थित प्रदेश कार्यालय में धनतेरस पूजन कर प्रदेशवासियों और पार्टी कार्यकर्ताओं को शुभकामनाएं दीं.**

पूजन के बाद खण्डेलवाल ने कामना की कि प्रदेशवासियों के जीवन में सुख एवं समृद्धि की दीपमालाएं हमेशा प्रज्जवलित रहें. उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार प्रदेश के प्रत्येक नागरिक की खुशहाली के लिए काम करती रहेगी. खण्डेलवाल ने प्रदेश के नागरिकों को धनतेरस के साथ-साथ दीपावली की भी शुभकामनाएं दीं. खण्डेलवाल ने इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व वाली राज्य सरकार के किसान-हितैषी फैसलों पर प्रकाश डाला. उन्होंने बताया कि भावांतर योजना के भुगतान को लेकर किसानों ने मुख्यमंत्री का सम्मान किया.



खण्डेलवाल ने बड़ी घोषणा करते हुए बताया कि मुख्यमंत्री यादव ने किसानों को दीपावली का बड़ा उपहार दिया है. उन्होंने सोलर पंप पर मिलने वाली सब्सिडी को 60 प्रतिशत से बढ़ाकर 90 प्रतिशत कर दिया है. इसका मतलब है कि अब किसानों को सोलर पंप की लागत का केवल 10 प्रतिशत ही देना होगा. उन्होंने कहा कि सिंचाई, बिजली या समर्थन मूल्य से संबंधित हर ज़रूरत की पूर्ति के लिए प्रदेश सरकार तत्पर है.

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष चौधरी मुकेश सिंह चतुर्वेदी, सीमा सिंह जादौन, प्रदेश महामंत्री भगवानदास सबनानी, रणवीर सिंह रावत, महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष व सांसद माया नारोलिया, प्रदेश मंत्री राहुल कोठारी, प्रदेश कार्यालय मंत्री डॉ. राघवेन्द्र शर्मा, प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष उषा अग्रवाल, महापौर मालती राय सहित कई अन्य प्रमुख पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे.


**कार्यालय नगर परिषद् डोला, जिला-अनूपपुर (म.प्र)**

cmodola@mpurban.gov.in

क्र 1213 / न0परि0 / 2025 | डोला, दिनांक 17/10/2025

**निविदा सूचना**

नगर परिषद् डोला द्वारा निकाय के शासकीय पोर्टल (GEM) पर XLPE Cable for Working Voltages up to and Including 1.1 KV as per IS 7098 (Part 1) (Q2) GEM/2025/B/6799409 के लिए बिड क्रमांक जारी किया जाना है। जिसका समाचार पत्रों प्रकाशन हेतु एक दिवसीय आदेश प्रदान किया जाता है। जिसकी जानकारी निम्नानुसार है :-

| क्र0 | निविदा | बिड क्रमांक | निविदा प्रपत्र कय करने की प्रारंभतिथि | निविदा प्रपत्र क्रय करने की अतिंम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | XLPE Cable for Working Voltages up to and Including 1.1 KV as per 15 7098 (Part 1) (Q2) LT XLPE AIR BUNCH CABLE XLPE Cable 95 sq. mm 3.5 Cores KABEL 3.5CX95 SOMM A-XFY CABLE AS PER | GEM/2025/B/6799409 Dated: 17-10-2025 | Dated: 17-10-2025 | 15-11-2025 20:00:00 |

मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर परिषद डोला ,जिला-अनूपपुर म0प्र0